हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री



14 जिले में महाअष्टमी पर आस्था का सैलाब,...



14 देवी भागवत कथा का हवन के साथ समापन



## नवरात्रि विशेष



### नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# लुप्त हो रहे पनघटः उपेक्षा व अतिक्रमण की भेंट चढ गए कई सरकारी कुएं

## कभी पेयजल व निस्तारी का सबसे बड़ा स्रोत होता था कुआं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कुंए के पनघट जहां कभी सुबह शाम चहल पहल रहती थी और गांव के महिलाओ के बीच सुख दुख की चर्चा होती थी लेकिन अब इन कुंओ के पनघट पर सन्नाटा पसरा रहता है कभी कभार कुंओ की आवश्यकता शादी विवाह के अवसर पर पड़ती है जहां लोग बड़े सम्मान के प्रतीक पनघट पर जाकर कुंआ पूजन करते दिखते है आज से दो दशक पूर्व हर गांव के प्रमुख चौक चौराहो में सार्वजनिक प्राकृतिक जल स्त्रोत कुंआ हुआ करते थे जो लोगो के प्यास बुझाने के काम आते थे लेकिन आधुनिकता के साथ कुंओ की उपेक्षा होने लगी अधिकांश सरकारी कुंआ या तो अतिक्रमण का भेट चढ़ गए या पट गए और जो कुछ सरकारी कुंए बचे है वह उपेक्षा के शिकार हो रहे है, साफ सफाई के अभाव में लोग इसके पानी का उपयोग नही कर पाते, ग्रामीण बताते है 15- 20 वर्ष पहले मैनपुर तहसील मुख्यालय नगर के भीतर ही दर्जनो सरकारी कुंआ हुआ करते थे जो नगरवासियो के प्यास बुझाने का प्रमुख साधन था और तो और इन कुंए का बकायदा शासन द्वारा समय -समय पर साफ सफाई रख रखाव किया जाता रहा है लेकिन बदलते परिवेश में हैंडपंप और अन्य पेयजल के साधन उपलब्ध होने से धीरे -धीरे सरकारी कुंओ का उपेक्षा होने लगी और अब मैनपुर नगर में ही नाम मात्र के सरकारी कुंए बच गये है जो उपेक्षा के शिकार हो रहे है और साफ सफाई के अभाव में लोग इसके ▶▶| शेष पेज 14 पर

### सरकारी कुएं के संरक्षण के लिए कार्य योजना बनाने की जरूरत

मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत में सैकड़ो सरकारी कुएं आज भी है लेकिन साफ सफाई नहीं होने के कारण इसका उपयोग नहीं हो रहा है यह जल स्तर को ऊपर रखने में सहायक है इसलिए शासकीय तौर पर इसके संरक्षण के लिए विशेष कार्य योजना बनाने की जरूरत है।



### आज भी धार्मिक व सामाजिक कार्यो में कुआं पूजन की रस्म निभाई जाती है

इस संबंध में चर्चा करने पर दुर्गा मंदिर मैनपुर के पुजारी योगेश शर्मा ने कहा की कुंए का पानी शुद्ध माना जाता है और शीतल भी होता है शादी व अनेक धार्मिक शुभ कार्यो के अवसर पर कुंआ पूजन की रस्म निभाई जाती है और इसके पानी का विशेष महत्व है लेकिन अब कुंए लोगों के घरों में ही सुरक्षित है। सरकारी कुंए लगभग समाप्त हो गए हैं व उपेक्षा के शिकार है, जबकि कुंए हमारे अस्था का प्रतीक है यदि इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए कुंओ का जिर्णोद्धार कराया जाये तो भीषण गर्मी में पेयजल समस्या का समाधान होगा साथ ही वाटर रिचार्जिंग सिस्टम से क्षेत्र पानी से भरा रहेगा।

## हादसा : ग्रामीण नाती के छट्ठी का कार्ड बांटने निकला था, चालक फरार

# हाईवा की चपेट में आया ग्रामीण, 200 मीटर तक घिसटता रहा, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





नवापारा शहर के मेन रोड चंपारण चौक के पास महाष्टमी हवन-पूजा के पावन दिन एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। शहर के भीतर नेशनल हाईवे-130 पर गुरुवार दोपहर करीब पौने एक बजे एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद यहां पर आक्रोश और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। जानकारी के अनुसार, सुंदरकेरा गांव के रहने वाले गोपी पटेल उम्र 48 वर्ष अपने नाती के छठी कार्यक्रम का कार्ड बांटने निकला हुआ था। वह जैसे ही अपने गांव की ओर से चंपारण चौक पर हाइवे में पहुंचा कि यह हादसा हो गया। तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतना भयानक था कि बाइक सवार सीधे हाइवा के नीचे आ गया। आसपास सड़क के दोनो तरफ दुकान लगाए प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाइवा चालक वाहन को नहीं रोक सका और करीब 200 मीटर तक युवक को घसीटते हुए ले गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन से कुदकर फरार हो गया। इधर, दुर्घटना के तत्काल बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। देखते ही देखते आक्रोशित भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हाइवा वाहन को जब्त कर थाने ले गया जबकि फरार हाइवा चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे-130 पर शहर के भीतर भारी वाहनों की तेज रफ्तार लगातार हादसों का कारण बन रही है। इसके बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है और वे प्रशासन से सख्त कार्रवाई एवं गति नियंत्रण के उपायों की मांग कर रहे हैं। यह हादसा एक बार फिर सवाल खड़ा करता है कि आखिर कब तक बेलगाम रफ्तार लोगों की जान लेती रहेगी और कब प्रशासन इस पर प्रभावी नियंत्रण कर पाएगा। मालूम हो कि सप्ताह-दस दिन पहले इसी मार्ग पर एक निजी चिकित्सालय के पास एक युवक की मौत इसी तरह हाइवा में दबने से हो गई थी।

### खुशियां मातम में बदली

गुरुवार को हुआ यह हादसा दिल दहला देने वाला रहा जिसने हर किसी का रूह कंपा दिया। तेज रफ्तार हाइवा ने बेरहमी से कुचलते हुए करीब 200 मीटर तक आगे घसीटते हुए ले गया। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिरा लेकिन हाइवा चालक ने वाहन नहीं रोका और उसे चंपारण चौक से लेकर छाटा मार्ग तक घसीटते हुए ले गया। इस दौरान युवक का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। बता दें कि चंपारण चौक शहर का एक ऐसा चौक है जो काफी चौड़ा है। इस चौक में आरंग,चंपारण की ओर से गाड़ियां नेशनल हाइवे में आती है। ठीक इसी तरह रायपुर-राजिम से आने-जाने वाली सभी प्रकार की गाड़ियां रफ्तार में गुजरती है। खूब चौड़ा होने के बावजूद लोग सब्र नही रखते,गाड़ी का रफ्तार कम नही करते और इस तरह की दुर्घटनाएं हो जाती है। जांच के दौरान मृतक की बाइक से नामकरण संस्कार (छट्ठी) कार्यक्रम के कार्ड बरामद हुए। मृतक गोपी पटेल अपने नाती के छट्ठी कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र बांटने निकला था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। कार्यक्रम से ठीक एक सप्ताह पहले घर के मुखिया की मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और खुशियां मातम में बदल गई हैं। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई करने में लगी हुई है।

# महाष्टमी पर श्रद्धालुओं ने हवन में दीं आहुतियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गुरुवार को नगर मे चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर महाष्टमी पर्व पूरी श्रद्धा एवं भक्ति से मनाते हुए श्रद्धालुओं ने पूर्णाहूति दी वहीं पर शीतला मंदिर मे नवकन्याओं को भोज कराया गया।

नगर के शीतला मंदिर मे इस वर्श श्रद्धालुओं के द्वारा 107 दीप प्रज्वलित कर अपने घर परिवार के सुख समृद्धि के लिए कामना किये थे जिसको लेकर मंदिर समिति के द्वारा पूरे दिन ज्योत की निगरानी कर सफलता पूर्वक अपना योगदान देकर लोगो को ज्योत का दर्शन कराये वहीं पर माता शीतला को चुनरी,श्रीफल फल प्रसादी का प्रतिदिन भोग लगाया गया।नवरात्र पर्व को माता की जसगीतों के कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमे नगर के लोग शामिल होकर पुण्य का लाभ उठाया। अष्टमी पर्व के दिन यज्ञ कुंड मे माता की विधि विधान से मंत्रेपचार के साथ लोगों ने पूर्णाहूति देकर अपना धर्म निभाया।इस अवसर पर कन्याओं को कन्या भोज कराया गया जिसमे बड़ी संख्या मे कन्याये शामिल हुई।

## खबर संक्षेप

### दस लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम केंवटापाली में एक व्यक्ति के घर से बसना पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी तुलसी जांगडे पति बिजेंद्र जांगड़े (34 वर्ष) केंवटापाली के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब बरामद कर एक व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने विश्वनाथ पाटिल पिता असमन पाटिल (32 साल) सुखापाली थाना सरायपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को उग्रसेन पटेल पिता कुंजराम पटेल (32 साल) ग्राम-भतकुंदा थाना सांकरा ने बताया कि 25 मार्च की रात्रि लगभग 7 बजे वन दुर्गा मंदिर के पास उसने अपनी बाइक को रखा था। इस दौरान गांव के परमानंद पटेल और अरबिंद पटेल उसकी बाइक को धक्का देकर हटाने लगे, जिस पर उसने मना किया, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मानरे की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# आवारा कुत्तों का खौफ, झुंड बनाकर कर रहे हमला, आज फिर तीन ग्रामीण शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा है और इन आवारा कुत्तों से लोगो को निजात दिलाने स्थानीय प्रशासन के पास कोई ठोस कार्ययोजना भी दिखाई नहीं दे रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को अपना खुद का सुरक्षा करना और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता देखने को मिल रही है। पिछले कुछ माह से अचानक मैनपुर नगर एवं आसपास के गांव में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है जिसके बारे में जानकार लोगों का कहना है कि बड़े शहरों से आवारा कुत्तों को रात में वाहनों के माध्यम से लाकर जंगल में छोड़ा जा रहा है जो धीरे -धीरे नगर और आसपास के गांव में पहुंच कर ये कुत्ते आतंक मचा रहे है। एक साथ 15 से 20 की संख्या में दल के दल घुमते यह खुंखार कुत्ते लोगो के उपर हमला करने से भी नही चूक रहे है आज मैनपुर क्षेत्र में फिर तीन लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है मैनपुर क्षेत्र में आए दिनो कुत्तों के काटने से लोगो में डर और दहशत देखने को मिल रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित ग्रामीण अंचल के गांवो मे इन दिनो आवारा कुत्तो का आतंक व्याप्त है आज फिर तीन लोगों को अवारा कुत्तों ने काटा है आवारा कुत्तों द्वारा ग्रामीण इलाको के गांवो में भी जमकर आतंक मचाया जा रहा है पिछले कई दिनों से मैनपुर अस्पताल में लगातार आवारा कुत्तों से काटने से इलाज कराने लोग पहुंच रहे है। आवारा कुत्तो द्वारा लोगो को डराना और कभी मवेशियो को काटना आए दिनो की की घटना बनती जा रही है नगर के बस स्टैण्ड से लेकर हाट बाजारो, चौक चौराहो, गली मोहल्लो तक इन खतरनाक कुत्तो का आंतक व्याप्त है आसपास के अंचलो मे ▶▶| शेष पेज 14 पर

### कोई ठोस कार्य योजना नहीं

मैनपुर क्षेत्र में जहां आवारा कुत्तो का आतंक लगातार बढ़ रहा है। वहीं इन आवारा कुत्तों से क्षेत्र के लोगों को निजात दिलाने के लिए स्थानीय प्रशासन के पास कोई ठोस कार्य योजना नही है स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश नायक ने चर्चा में बताया यदि कुत्तों को अस्पताल तक लाया जाय तो उसका नसबंदी किया किया जायेगा तो वही अन्य विभाग इन कुत्तों से लोगो को सुरक्षा दिलाने में कोई दिलचस्पी नही दिखाई जा रही है जिसके कारण ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद परेशान है और स्कूल आते जाते बच्चों को पालक स्कूल तक पहुंचा रहे है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-अनुष्ठान...



**राजिम।** राजिम के सुप्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन डालने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महाअष्टमी की पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। हवन में सांखला डालने श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंचती रही। देवी मां के भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हवन कुण्ड में सांखला डालकर पूर्णाहुति दी। पं. विजय शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पूजारी बलदाउ ठाकुर के अलावा हवन डालने मां महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नीरज ठाकुर, बैगा हेमलाल धीवर, भानु धीवर, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, बाल्मीकी धीवर, पवन सोनी, रमेश साहू ,जितेंद्र सोनी ,सुनील तिवारी ,भुखन पटेल ,शेषनारायण साहू ,संजय सोनी ,उत्सव महोबिया, लखन निर्मलकर, भारत सेन ,राजू निषाद, रामकुमार साहू , नरेंद्र ठाकुर ,फागु निषाद, लखन निर्मलकर, संजय सिंह ठाकुर, गोपाल निषाद ,गौरव ठाकुर ,शत्रुहन निर्मलकर ,विमल निषाद ,विक्की साहू के भक्त शामिल थे।

## कुडेरादादर में देवी भागवत महापुराण का समापन आज

# भगवान सच्ची भक्ति से प्रसन्न होते हैं न की धन दौलत से : पंडित कालेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला


ग्राम कुडेरादादर में श्री श्री 108 श्री संत सिया भुनेश्वरी शरण जी की असीम कृपा से गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध कीर्तनकार कामता प्रसाद,ओमबाई के यहां चैत्र नवरात्र में ज्योति प्रज्वलित और नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया, जिसका आज शुक्रवार को रामनवमी, पूर्णाहुति,नौ कन्या भोज, शोभायात्रा के साथ संपन्न होगा। इस देवी भागवत के भगवताचार्य परम पूज्य पंडित कालेश्वर प्रसाद तिवारी एवं परायणकर्ता सुजल दास वैष्णव के मुखारविंद से सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत देवी कथा भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न होगा। भगवताचार्य कालेश्वर प्रसाद तिवारी ने श्रद्धालुओं को मां दुर्गा की महिमा का श्रवण किया। कथावाचक ने देवी की सर्वोच्चता, भक्ति, त्याग और सुदामा कृष्ण प्रसंग के माध्यम से जीवन में प्रेम व सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, आगे कहा कि भगवान सच्ची भक्ति से प्रसन्न होते हैं, न कि धन दौलत से। कथावाचक द्वारा माता रानी की महिमा,बाल लीलाओं और भक्ति के स्वरूप का वर्णन किया गया। इस कार्यक्रम में हर दिन भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

इस आयोजन के यजमान कामता प्रसाद ओमबाई ने माता रानी से सुख शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। भगवताचार्य तिवारी ने बताया कि देवी भागवत, भागवत पुराण, श्रीमद् भागवतम और श्रीमद् देवी भागवतम के नाम से भी जाना जाता है, देवी भगवती आदिशक्ति/ दुर्गा को समर्पित एक संस्कृत पाठ है और हिन्दू धर्म के अठारह प्रमुख महा पुराणों में से एक है जोकि महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित है। इस पाठ को देवी उपासकों और शाक्त सम्प्रदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीमद् देवी भागवत पुराण सभी शास्त्रों तथा धार्मिक ग्रंथों में महान है। इसके सामने बड़े बड़े तीर्थ और व्रत नगण्य है। इस पुराण के सुनने से पाप सूखे वन की भांति जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिससे मनुष्य को शोक, क्लेश,दुख आदि नहीं भोगने पड़ते। इस कार्यक्रम को सफल समापन के लिए कीर्तन कार कामता प्रसाद सहित समस्त परिवार और ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## जन-जन के राम भारतीय संस्कृति और आदर्श जीवन के शाश्वत प्रतीक : चतुर्वेदी



**राजिम।** राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा में भगवान श्रीराम केवल एक धार्मिक आस्था का नाम नहीं हैं, बल्कि वे आदर्श जीवन मूल्यों, मर्यादा, त्याग, करुणा और न्याय के प्रतीक हैं। राम भारतीय जनमानस के हृदय में इतने गहरे बसे हुए हैं कि उन्हें जन-जन के राम कहा जाता है। वे केवल अयोध्या के राजा या किसी एक युग के नायक नहीं, बल्कि समूची मानवता के लिए आदर्श पुरुष हैं। उनके जीवन की प्रत्येक घटना मानव समाज को नैतिकता, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। राम का चरित्र जितना महान है, उतना ही सरल और मानवीय भी है। वे राजा होकर भी अहंकार से दूर रहते हैं और हर वर्ग के लोगों को सम्मान देते हैं। यही कारण है कि उनका जीवन केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला का आदर्श उदाहरण है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहलाते हैं क्योंकि उन्होंने अपने जीवन के हर निर्णय में मर्यादा और धर्म को सर्वोपरि रखा। भगवान श्रीराम के जीवन का सबसे बड़ा संदेश है-कर्तव्य और आदर्शों के प्रति समर्पण। जब महाराज दशरथ ने कैकेयी को दिए वचनों के कारण राम को चौदह वर्ष का वनवास देने का निर्णय लिया, तब राम ने बिना किसी विरोध या शिकायत के इसे स्वीकार कर लिया। वे चाहते तो राजा बनने के अधिकार के लिए संघर्ष कर सकते थे, लेकिन उन्होंने पिता ▶▶| शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप



### चिमनानी के निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री मांडविया

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का उदघाटन करने 4 घंटे के प्रवास पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय खेल एवं युवा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया का रायपुर एयरपोर्ट से सीधा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी के निवास पर आगमन हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने अमित चिमनानी के परिवार से आत्मीय मुलाकात की। नवरात्रि के पावन अवसर पर चिमनानी परिवार ने केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया का स्वागत माता की चुनरी से किया। साथ ही राम नवमी की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, अपेक्स बैंक के चेयरमैन केदार गुप्ता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी प्रीतेश गांधी, योगेश तिवारी की उपस्थिति रही।

### दो दिवसीय संविधान मेला हुआ

**रायपुर।** भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा, भारत द्वारा आयोजित देश का 15वां दो दिवसीय संविधान मेला 20 एवं 21 मार्च को विमतारा, सभाभवन में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य आमजन में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उसके मूल्यों को समझाना तथा संवैधानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। मेले के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के भी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील भारद्वाज, शंकर कुंजाम, विनोद कुमार कोशले सदस्य संविधान प्रचारिणी सभा द्वारा किया गया।

### शादी करने का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर युवती से रेप करने के आरोप में एक युवक को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। रेप के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश, सागर निवासी आशीष मसीह को गिरफ्तार किया है। युवती ने थाने में आशीष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक के माध्यम से आशीष के साथ उसका परिचय हुआ था। आशीष ने युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप कर शादी करने से इनकार कर दिया।

### मेड ने चोरी की सोने की अंगूठी, टॉप्स

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक गृहणी ने अपने घर में काम करने वाली मेड के खिलाफ दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने की तीन अंगूठी तथा टॉप्स चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आदिती विरदी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आदिती ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने नीलम मेड न्यू देल्ही सर्विस सेंटर के घर में साफ सफाई तथा काम करने एक मेड हायर किया था। घर में एक अन्य स्थानीय मेड काम करती है।

# प्रदेश की 52 लाख से ज्यादा गाड़ियों में से महज 10 लाख में एचएसआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अप्रैल 2019 के पूर्व जितनी पुरानी गाड़ियां हैं, उन सब में अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता है। परिवहन विभाग पिछले दो वर्षों से अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने मुहिम चला रहा है। बावजूद इसके वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने इच्छुक नहीं दिख रहे। दो साल में अब तक अप्रैल 2019 के पूर्व की 10 लाख 15 हजार 286 गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। परिवहन विभाग के रिकार्ड में अप्रैल 2019 के पूर्व 52 लाख 48 हजार 476 गाड़ियां रजिस्टर्ड हैं। अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ी मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने की वजह से एचएसआरपी करवाने पूर्व में एचएसआरपी के आवेदन देने के पूर्व मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम अनिवार्य किया गया था।

प्रक्रिया लंबी तथा लेंदी होने की बात कह कर अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने ध्यान नहीं दे रहे थे। इस बात का ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल नंबर अपडेट कराने के नियम को ऑप्शनल कर दिया। इसके बाद भी वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने गंभीर नहीं दिख रहे।

### ई-चालान से बचने एचएसआरपी से बच रहे

एक अप्रैल 2019 के पूर्व की ज्यादातर गाड़ी के मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है। इसके चलते ट्रैफिक उल्लंघन करने पर भी उन वाहन मालिकों द्वारा ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान कटता है, तो फिर पत और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से चालान की कॉपी वाहन मालिक तक नहीं पहुंच पाता।



- मोबाइल नंबर अपडेट ऑप्शनल होने के बाद 30 हजार वाहन चालकों ने एचएसआरपी के लिए दिए आवेदन
- ई-चालान से बचने लोग नहीं बदलवा रहे नंबर प्लेट

### एक प्रतिशत से भी कम आवेदन

परिवहन विभाग द्वारा नियम शिथिल करने के पूर्व एक अप्रैल 2019 के पूर्व के 9 लाख 85 हजार वाहन के मालिक एचएसआरपी नंबर लगवा चुके हैं। मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम ऑप्शनल होने के बाद भी एक प्रतिशत लोगों ने अपने पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने आवेदन किया है। फरवरी में मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम ऑप्शनल होने के बाद एक महीने के भीतर 30 हजार 541 वाहन मालिकों ने परिवहन विभाग में एचएसआरपी के लिए आवेदन किया है।

### इन गाड़ियों का चालान नहीं कट रहा

राजधानी पुलिस ट्रैफिक उल्लंघन के नियमित औसतन साढ़े तीन हजार ई-चालान काटती है। जितने ई-चालान कटते हैं, उनमें से 25 से 30 प्रतिशत चालान को रद्दी की टोकरी में डालना पड़ता है। इसका प्रमुख कारण गाड़ी मालिकों का नाम पता अपडेट नहीं होना है। ऐसे में ऐसी गाड़ियों से अपराधी गंभीर किस्म के अपराध कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो सकते हैं।

### ट्रैफिक पुलिस को दिखानी होगी सख्ती

एक अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने ट्रैफिक पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसरों को लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद ही अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा। लक्ष्य पूरा करने ट्रैफिक पुलिस के जवानो को हर चौक चाराहे पर बगैर एचएसआरपी गाड़ियों को रोक सख्ती से चालानी कार्रवाई करने के साथ ही एचएसआरपी लदवाने दबाव बनाने की जरूरत है।

# सरसींवा सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति में देरी के विरोध में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली से सरसींवां तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा और सड़क पर चक्काजाम कर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांगों का समर्थन देने स्थानीय विधायक चातुरी नंद भी मौके पर मौजूद रही और धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शासन पर विकास कार्यों में भेदभाव का संगीन आरोप लगाया।

विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राशि का प्रावधान किया गया था, किंतु इसके बावजूद अब तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी गई है। इस लापरवाही के चलते क्षेत्र की जनता को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हर वर्ष दर्जनों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। बीते सप्ताह ग्राम सागरपाली में दो युवकों की दर्दनाक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। वहीं पिछले 2-3 वर्षों में 50 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें दर्जनभर से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।






विधायक चातुरी नंद के कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। चक्काजाम के दौरान विधायक चातुरी नंद ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सरायपाली–सरसींवां सड़क निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई, तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा, एसडीओपी ललिता मेहेर, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, सरायपाली थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें। प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्द स्वीकृति का आश्वासन दिया। लेकिन, ग्रामीण ठोस आश्वासन को लेकर अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आखिरकार कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर मिले आश्वासन और सागरपाली में नाली एवं मरम्मत कार्य शुरू करने के आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित किया गया।

इस आंदोलन में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारीगण, नागरिकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की।

## स्काउट-गाइड ने किया सार्वजनिक जल सेवा प्याऊ केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ द्वारा सार्वजनिक जल सेवा प्याऊ केंद्र का शुभारंभ बीईओ कार्यालय के सामने किया गया। ज्ञात हो कि 26 मार्च को एक साथ राज्य के जिला मुख्यालय /विखं मुख्यालय में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आत्मीयता के साथ राहगीरों की प्यास बुझाने स्थानीय रोवर-रेंजर, वरिष्ठ स्काउट-गाइड, स्काउटर- गाइडर, फ्लॉक लीडर एवं स्थानीय संघ पदाधिकारियों, विभिन्न सेवादाताओं के स्वप्रेरित होकर किए गए सहयोग से सार्वजनिक निःशुल्क प्याऊ केंद्र प्रारम्भ किया गया और निरंतर प्याऊ केंद्र संचालित करने राहगीरों, आम नागरिकों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल पिलाकर सेवा का संदेश देते हुए यह पुनीत कार्य किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष स्थानीय संघ ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी से सूखे कंठों को राहत देने के लिए निःशुल्क मटके का शीतल जल उपलब्ध कराने में संगठन का यह पुनीत कार्य अपने आपमें अनूठा है। यह सेवाकार्य जन-जन के लिए प्रेरणादाई है। बीईओ एवं सहायक जिला आयुक्त स्काउट टीसी पटेल ने कहा कि सार्वजनिक प्याऊ केंद्र की पहल से आमजन को भीषण गर्मी में काफी राहत मिल पाएगा और यह पुनीत कार्य लोगों को काफ़ी प्रेरित करेगा। स्थानीय संघ का सामूहिक प्रयास काफ़ी सराहनीय है। शुभारंभ अवसर पर पर मटके के स्वच्छ शीतल पेयजल के साथ-साथ मीठा शरबत, नींबू पानी का वितरण भी किया गया और इस केंद्र का लाभ लेने एवं प्याऊ घर में सेवा सहायता देने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम संचालन स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी (एचडबल्यूबी स्का.) एवं आभार प्रदर्शन हेमंत चौधरी ने किया।




## प्लास्टिक की बोतल में शराब के विरोध में उतरा एसोसिएशन, कहा लीचिंग का बढ़ सकता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत एक अप्रैल से शासकीय शराब दुकानों में कांच के स्थान पर प्लास्टिक की बोतलों में शराब की बिक्री का नियम लागू होने जा रहा है। नया नियम लागू होने से पहले छत्तीसगढ़ बॉटल एसोसिएशन इस निर्णय के विरोध में उतर आया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मलिक का कहना है कि प्लास्टिक की बोतल में लंबे समय से शराब रखने से लीचिंग का खतरा बढ़ सकता है। इससे रासायनिक तत्व पेय पदार्थ में घुलने की संभावना होती है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। यही नहीं, प्लास्टिक बोतल से पर्यावरण को नुकसान होगा, साथ ही कांच की बोतलों की रीसाइकिलिंग से जुड़े हजारों लोग बेरोजगार भी हो जाएंगे।

### प्लास्टिक बोतलों के विरोध में आबकारी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

एसोसिएशन के अध्यक्ष मलिक ने बताया कि कांच की जगह प्लास्टिक (आरपीईटी) बोतलों में शराब भरने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को आबकारी कमिश्नर आर. संगीता से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल संबंधी लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सहित एसोसिएशन के सदस्य अकरम कुरैशी, सोहन लाल देवांगन, नम्रता देवांगन, विक्की देशपांडे आदि शामिल रहे।



फाइल फोटो

### रोजगार और पर्यावरण पर भी पड़ेगा असर

एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में कांच की बोतलों की रीसाइकिलिंग से जुड़ा एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इससे हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि प्लास्टिक बोतलों का उपयोग बढ़ता है, तो कांच की बोतलों की मांग घटेगी। इससे कई लोगों का रोजगार प्रभावित हो सकता है। सदस्यों का यह भी कहना है कि प्लास्टिक बोतल के चलन से कांच से जुड़े कामगार, कबाड़ी और छोटे कारोबारी भी प्रभावित होंगे।

### प्लास्टिक बोतल का सही प्रबंधन नहीं होने से बढ़ेगा प्रदूषण

*एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्लास्टिक बोतलों के कारण पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। कांच की बोतल पूरी तरह से रीसाइकिल की जा सकती है, वहीं प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन नहीं होने पर प्रदूषण बढ़ सकता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि आबकारी कमिश्नर आर. संगीता ने उनकी बातें सुनने के बाद कहा कि यदि उनके पास वैज्ञानिक अध्ययन या रिपोर्ट है, तो विभाग उस पर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि इस विषय को आबकारी मंत्री के समक्ष रखा जाएगा।*

## व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने चैंबर ने विषय विशेषज्ञों को बनाया विभागों का सलाहकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारिक हितों के संरक्षण और उन्हें कानूनी व तकनीकी अड़चनों से राहत दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चैंबर द्वारा प्रदेशभर के विषय विशेषज्ञों को विभिन्न विभागों का सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह विशेषज्ञ टीम व्यापारियों को जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों का निराकरण करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने सीधे संपर्क में रहेगी।

प्रदेशभर के व्यापारियों को विभिन्न विषयों पर समय रहते मार्गदर्शन देने और उनके व्यापारिक समस्याओं का विशेषज्ञों के माध्यम से सीधे समाधान कराने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने एक नई पहल की है। इसके लिए अलग-अलग विषयों के जानकारों को चैंबर ने सलाहकार बनाया है। ये सलाहकार जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों को दूर करने में सेतु का काम करेंगे। मार्गदर्शन देने के लिए विशेषज्ञों की सलाहकार टीम व्यापारियों के सीधे संपर्क में रहेगी।

- 20 अनुभवी विशेषज्ञों को दी जिम्मेदारी, व्यापारियों के सीधे संपर्क में रहेगी

जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर विभाग में चेतन तारवानी, भावेश मित्तल, जितेंद्र खनूजा, नितिन गोयल, रश्मि वर्मा सहित 20 अनुभवी विशेषज्ञों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये विशेषज्ञ रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, भिलाई और अन्य शहरों के व्यापारियों को जीएसटी संबंधी कानूनी पेचीदगियों पर सलाह देंगे। आयकर और मुकदमेबाजी से संबंधित व्यापारियों आयकर से संबंधित नोटिस और अन्य विधिक कार्यों में सहयोग करने के लिए हार्दिक पाटनी, मुकुल चौरड़िया, डिंपल वल्यानी, रितेश जायसवाल सहित 9 विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है।

### भ्रष्टाचार निचले पैमाने तक पहुंचा पंचायतों के सोशल ऑडिट में खुलासा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट में 151 करोड़ की गड़बड़ी बताता है कि सरकार का भ्रष्टाचार निचले पैमाने तक पहुंच गया है। पूरे प्रदेश में 13861 गड़बड़ियां सामने आना इस बात का प्रमाण है कि सरकार के संरक्षण में पंचायतों के विकास कार्य के पैसे में बंदरबांट हुई है। इस पूरी गड़बड़ी में सत्तारूढ़ दल के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं। पंचायत विभाग के अधिकारी पंचायतों के फंड आबंटन में पहले अपना कमीशन लेते हैं, उसके बाद आबंटन जारी करते हैं। इसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, बिना काम के पैसा आहरण हो जाता है।

## पेज 13 के शेष...

### लुप्त हो रहे पनघटः उपेक्षा...

पानी का उपयोग अब सिर्फ निस्तार के लिए करते दिखते है।

**नगर का ऐतिहासिक माल कुआं उपेक्षा का शिकारः** मैनपुर नगरवासियो से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर का सबसे पुराना ऐतिहासिक कुंआ माल कुंआ को बताते है यह कुंआ का पानी काफी मीठा और साफ रहता है इसलिए नगर के आधे आबादी कभी इस कुंए पर आश्रित हुआ करते थे, मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर में सप्ताहिक बाजार के भीतर, शिक्षक कालोनी, आश्रम परिसर, वन विभाग परिसर, प्राथमिक शाला परिसर, लोक निर्माण परिसर, मुख्य मार्ग के किनारे में काफी पुराने कुंए हुए करते थे लेकिन जब नगर में पर्याप्त हैंडपंप और पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध हो गई और लोगो को कुंए की आवश्यकता कम होने लगी तो अब नगर के अधिकांश कुंए या तो पुरी तरह पट चुके है या तो उपेक्षा के शिकार है, वैसे आज भी नगर के लोगो के घरो में निजी कुंए आज भी पेयजल का मुख्य स्त्रोत है नगर में लगभग 30 से ज्यादा कुंआ लोगो के घरो में है और वे कुंए के पानी का उपयोग करते है उनका कहना है कुंए का पानी काफी मीठा और स्वादिष्ट रहता है वही क्षेत्र के ग्रामीण इलाको के ग्रामो में भी सरकारी कुंए जो प्रमुख चौक चौराहो में आज भी देखे जाते है और लोग इनका पानी का उपयोग करते है लेकिन अधिकांश कुंए अनेदेखी और उपेक्षा का शिकार हो रहे है लंबे समय से साफ सफाई नही होने से लोगो को परेशानियो का सामना करना पड़ता है और यह प्राकृतिक जल स्त्रोत अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है।

### आवारा कुत्तों का...

जैसे हरदीभाठा, नहानबिरी, भाठीगढ़, जाड़ापदर, नदीपारा, मैनपुर कला, गौरघाट, गोपालपुर, कोदोभाठ, देहारगुड़ा, दबनई सहित कई गांवो मे आवारा कुत्तो के आतंक से लोग सहमे हुए है अंचलो मे आवारा कुत्तो का आंतक इतना है कि ये आवारा कुत्ते चौक चौराहे व रास्तो पर झुंड बनाकर बैठे रहते है जिससे मवेशियों को काटने की शिकायत आये दिन मिलती रहती है छोटे छोटे जानवरो से लेकर कमजोर मवेशियों को सुनचसान स्थानो में झपड़ पड़ते है 30 से 35 की संख्या में 3-4 अलग अलग कुत्तो का झुंड घुम रहे है।

### जन-जन के राम...

के वचन को ही अपना धर्म मान लिया। यह त्याग और कर्तव्यनिष्ठा उन्हें महान बनाती है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आज के समय में जब लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं, राम हमें यह सिखाते हैं कि कर्तव्य का पालन भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क, 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए सर्वे शुरू, निगम और राजस्व विभाग ने किया संयुक्त सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क बनेगी। 60 फीट की इस सड़क के लिए रायपुर नगर निगम और राजस्व विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। करीब 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से डेढ़ लाख लोगों को राहत मिलेगी। केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू होकर भाठागांव मार्ग तक विकसित किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इस प्रोजेक्ट को लिया गया है।

दरअसल, रिंगरोड पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक केनाल रोड 2 का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सर्वे कर नापजोख का काम शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने इस अहम प्रोजेक्ट के लिए अपने बजट में 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। यह सड़क न सिर्फ पुरानी धमतरी रोड से भाठागांव तक एक मजबूत कनेक्टिविटी देगी, बल्कि शहर के सबसे व्यस्त रूट में शामिल रिंगरोड पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होगा। नई बायपास सड़क निर्माण में अतिक्रमण एक प्रमुख चुनौती के रूप में है। इसके कारण 165 लोगों को नोटिस भेजा गया है। शहरीकरण से नहर कब्जे का शिकार है, नहर किनारे अवैध रूप से मकान बनने से पुरानी नहर नाले में तब्दील हो गई है। इसके चौड़ीकरण के लिए नपाई शुरू हो गई है।

### फैक्ट

**सड़क का नाम :** केनाल रोड 2.0 सड़क
**बायपास सड़क कुल लंबाई :** 4.5 किलोमीटर
**निर्माण लागत :** 20 करोड़
**निर्माण एजेंसी :** नगर निगम रायपुर
**नई सड़क बनने से डेढ़ लाख आबादी को राहत**



**शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है प्रस्ताव :** केनाल रोड 2.0 के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग ने संयुक्त सर्वे शुरू कर दिया है। राज्य शासन ने बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया है। हमने प्रस्ताव बनाकर शासन की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा है। यह सड़क 7 मीटर से बढ़ाकर 18 मीटर यानी 60 फीट की जाएगी। - **इमरान खान**, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

***इन इलाकों को मिलेगा फायदा :*** *संतोषीनगर, रावतपुरा सिटी, चौरसिया कालोनी, भैरव सोसाइटी सहित 40 से अधिक कालोनियों के लोगों को राहत मिलेगी। अभी इन क्षेत्रों के रहवासी रिंग रोड पर निर्भर हैं। इसके अलावा पुराना धमतरी रोड जाने के लिए कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी, भाठागांव वालफोर्ट सिटी व आसपास के इलाकों के रहवासियों को राहत मिलेगी।*

***ये है प्रोजेक्ट :*** *केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू कर भाठागांव मार्ग तक विकसित की जाएगी। यह सड़क एनएच 53 के समानांतर बनेगी, जिससे शहर के भीतर एक वैकल्पिक और तेज कनेक्टिविटी मार्ग तैयार होगा। पुराना धमतरी रोड से भाठागांव को जोड़ने में यह सड़क अहम भूमिका निभाएगी।*

## खबर संक्षेप

### अटल वयो अभ्युदय योजना की बैठक



**फिंगेश्वर।** 25 मार्च को मितानीन भवन मे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अटल वयो अभ्युदय योजना सीएसडी के अंतर्गत वृद्धजनों की बैठक संपन्न। कम्युनिटी फैसिलेटर रेणुका सोनी द्वारा जानकारी दी जिसमे वृद्धजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी,मातपिता एवं वारिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम, डिजिटल साक्षरता क्यों आवश्यक है? वही पर विद्युत साक्षरता के बारे में जानकारी कहा कि संभावित धोखा घड़ी और कदाचार में पंजीकरण द्वारा बैंक विवरण ,मौलाना ओटीपी लगी लॉटरी या इनाम का सजा,नकली बीमा निवेश योजनाएं,एटीएम कार्ड क्लोनिंग,सरकार फिशिंग लिंक,पेशन से जुड़ी गलत जानकारी फैलाना और हस्ताक्षर का दुरुपयोग शामिल है। कार्यक्रम में साधुराम साहू, शंकर साहू उप सरपंच,सरपंच,दीपक साहू ,मनहरण, मुंगबाई सविता, सरोज साहू, सेविका सोनी, पार्वती सिंह, लेखराम रात्रे, एडीओ रेखराम, भुवनेश्वरी यादव,हीरामती साहू,रामहीन सिन्हा, सेविका सोनी, आशा पोद्दार, मितानीने, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, बुजुर्ग महिलाए एवं कालेज के छात्राएं उपस्थित थे।

### चैत्र पूर्णिमा पर होगी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा



**रसेला।** ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहां पारा वासियों के सहयोग से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है। आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नवनिर्मित मंदिर में मारुति नंदन की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होगा। नवनिर्मित मंदिर में स्थापित होने वाली हनुमानजी की प्रतिमा विशेष रूप से मंगवाई गई है। इस आयोजन को लेकर पूरे पारा वासियों में हर्ष का माहौल है और ग्रामीण जन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव उसी दिन शास्त्रोक्त विधि विधान से संपन्न होगा। 2 अप्रैल को सुबह 7 बजे वेदी पूजन, गणेश पूजन, सर्वदेव पूजन के साथ अन्नाधिवास और फलाधिवास की रस्में से देवेंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में प्राण प्रतिष्ठा, शिखर प्रतिष्ठा और ध्वज दंड पूजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात दोपहर में महाभोग भंडारा का आयोजन होगा। संध्या काल में मानस गान का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समस्त पारा वासी जुटे हुए हैं।

### निधन

**दिव्य शर्मा**



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के दिव्य शर्मा उम्र 19 वर्ष का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में समाज एवं शहर के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे जवई वाले राकेश शर्मा के बेटे थे।

**सियासत : विधायक ध्रुव और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**

# रनीढ़ोड़ा सरपंच ने समर्थकों संग थामा कांग्रेस का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर



क्षेत्र की राजनीति में उस वक्त नई हलचल देखने को मिली जब देवभोग क्षेत्र के ग्राम पंचायत धारनीढ़ोड़ा के सरपंच ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के हाथों कांग्रेस का गमछा पहनकर आधिकारिक रूप से कांग्रेस का दामन थाम लिया।इस कदम से न सिर्फ स्थानीय सियासी समीकरण बदले हैं,बल्कि आगामी चुनावों को लेकर चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है।

ग्राम पंचायत धारनी ढ़ोड़ा के सरपंच ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कर लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सरपंच ने कहा कि वे लंबे समय से कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों और विचारधारा से प्रभावित थे,जिसके चलते उन्होंने यह निर्णय लिया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आम जनता,किसानों,मजदूरों और गरीब वर्ग के हित में काम करती आई है।इसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए वे अब कांग्रेस के साथ मिलकर

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

सरपंच के कांग्रेस में शामिल होने से क्षेत्रीय राजनीति में नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं विपक्षी दलों में भी हलचल तेज हो गई है।इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर,सेवन पुजारी,ललिता यादव, मेघाराम बघेल,सुभाष यादव,दामोदर सोरी,पंकज मांझी,जितेन्द्र राजपूत,हेमंत सोमवंशी,दिलेश्वर, नवीन सेन, जीवन यादव, गोवर्धन ताम्रकार के साथ कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### युवा कार्यकर्ता मंथिर ने थामा कांग्रेस का दामन



**फिंगेश्वर।** नगर की राजनीति में उस वक्त नई हलचल देखने को मिली जब युवा भाजपा कार्यकर्ता मंथिर साहू ने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल के हाथों कांग्रेस का गमछा पहनकर आधिकारिक रूप से कांग्रेस का दामन थाम लिया।इस कदम से न सिर्फ स्थानीय सियासी समीकरण बदले हैं,बल्कि आगामी चुनावों को लेकर चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है।ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले दर्रीपार के भाजपा कार्यकर्ता चिमनलाल,मनोहर यादव एवं महेन्द्र साहू ने भी कांग्रेस का दामन थामा था। नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 8 के युवा भाजपा कार्यकर्ता मंथिर साहू ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कर लिया। प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल के फिंगेश्वर प्रवास के दौरान उनकी उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।उक्त अवसर पर कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर, जिला महामंत्री कमल यदू,मं डल अध्यक्ष तेजेश यदू,हरिशंकर श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश साहू, सेक्टर अध्यक्ष मनोज सोनवानी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव, थनेश्वर बंजारे, चिमनलाल साहू, डोमार ध्रुव, लखन ध्रुव, वासुदेव यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**नवापारा-राजिम।** ब्राम्हणपारा स्थित संतोषी माता मंदिर में अष्टमी के हवन में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई। यहां पंडित के मंत्रोच्चार के बीच विधिविधानपूर्वक पूजा संपन्न हुआ।

## 19 विद्यार्थियों का नवोदय में चयन

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि सत्र 2025–26 में फिंगेश्वर विकासखंड से शासकीय प्राथमिक शाला के 16 एवं अशासकीय प्राथमिक शाला के 03 प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि से पूरे ब्लॉक में हर्ष का माहौल है। जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों के नाम एवं संकुल इस प्रकार है प्रेरणा ध्रुव संकुल जामगांव,कुणाल निषाद गिरिराज साहू कौदकेरा,आदित्य बघेल,दीपेश कंवर परसदाकला, टोकेश्वरी तारक बासीन,तुलेश कुमार साहू तरीघाट,भूमिका ध्रुव, युवराज साहू कोपरा,कुशल साहू भसेरा,त्रिशाली ध्रुव अंजलि आडिल,प्राची निर्मलकर बरोंडा,लाकेश कुमार साहू सेंदर,देवांशु कंवर बेलर,सजल कुमार साहू,नागेश रात्रे,यामिनी ध्रुव संकुल केंद्र परसदाजोशी शामिल है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि फिंगेश्वर ब्लॉक के 19 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन होना अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय हैं।यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत,अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा छुपी हुई होती है। आवश्यकता केवल उन्हें सही दिशा और अवसर देने की होती है। कहा कि वे इसी प्रकार से आगे भी मेहनत करते रहे और अपने माता–पिता,गुरु एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें।इन सभी विद्यार्थियों के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल ध्रुव,देवेंद्र बहल,विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा,संकुल प्राचार्य,संकुल समन्वयक,व्याख्याता पूरन लाल साहू एवं संस्था के प्रधानपाठक व शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## रोहित साहू ने देवी मंदिरों में टेका मत्था

**मुड़ागांव(कोरासी)।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर समूचा क्षेत्र शक्ति की उपासना में सराबोर नजर आ रहा है। इसी कड़ी में राजिम विधानसभा क्षेत्र के लाडले विधायक रोहित साहू ने छुरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर देवी मंदिरों में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक साहू ने प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां गंगई धाम मड़ेली सहित द्वारतरा, डांगनबाय और करचाली के शीतला माता मंदिरों में पहुंचकर प्रज्ज्वलित ज्योति कलश एवं 'जंवारा' के दर्शन किए। उन्होंने सर्वप्रथम मां गंगई धाम मड़ेली पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा ज्योति कक्ष में पहुंचकर माता रानी की ज्योत के दर्शन कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात वे द्वारतरा, डांगनबाय और करचाली पहुंचे, जहां नवरात्र पर्व को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इन ग्रामों में उन्होंने शीतला माता मंदिर पहुंचकर ज्योत जंवारा के दर्शन किए। ग्राम करचाली में ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया, जहां उन्होंने पुनः माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन उपरांत विधायक रोहित साहू ने कहा कि नवरात्र आत्मशुद्धि और नारी शक्ति के सम्मान का पर्व है। मां गंगई एवं शीतला माता की कृपा से क्षेत्र में सदैव सुख-शांति बनी रहे, यही उनकी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि जंवारा की हरियाली की तरह किसानों के जीवन में भी खुशहाली बनी रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, भाजपा नेता राजू साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम करचाली में ग्रामीणों की मंगा पर 20 लाख का रंग मंच और 20 लाख का टीना सेट एवं 2 लाख का युवाओं के लिए जीम सेंटर के लिए घोषणा किया। वहीं ग्राम द्वारतरा में खड़मा से द्वारतरा तक पक्की सड़क मार्ग निर्माण एवं टीना सेट, महिला सामुदायिक भवन, महतारी सदन सहित अनेक घोषणा द्वारतरा में किया, गंगई माता मंदिर में भी गंगई माता से लेकर बोईरगांव तक पक्की सड़क मार्ग के लिए घोषणा किया गया।

## सौर ऊर्जा से जगमगाएगा बासीन, बनेगा आदर्श गांव

**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अक्षय ऊर्जा से सक्षम भारत के संकल्प को साकार करते हुए राजिम विधानसभा के ग्राम बासीन को सोलर विलेज के रूप में चयनित किया गया है। अक्षय ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की योजना के अंतर्गत बासीन को सौर ऊर्जा आधारित मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय विधायक रोहित साहू के नेतृत्व और सक्रिय पहल को दिया जा रहा है। बासीन अब सौर ऊर्जा से जगमगाने वाला आदर्श गांव बनेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पंचायत भवन, अस्पताल, आंगनबाड़ी, स्कूल एवं पानी टंकी पंप जैसे शासकीय संस्थानों के बिजली खर्च में भी कमी आएगी। ग्राम बासीन को सोलर विलेज घोषित किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि विधायक की सक्रियता के कारण ही इस केंद्रीय योजना का लाभ मिल सका है। अब बासीन आधुनिकता, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनेगा। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह बासीन के लिए ऐतिहासिक क्षण है। केंद्र सरकार द्वारा सोलर विलेज के रूप में स्वीकृति मिलना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत हर घर को रोशन करने का लक्ष्य है और बासीन इस दिशा में एक मॉडल के रूप में उभरेगा। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी और राजिम विधानसभा के प्रत्येक गांव को आदर्श गांव बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कुंदन सेन, पालेश्वर साहू, कल्याण ध्रुव, डॉ. रोशन साहू, विक्की सोनी, वैभव गुप्ता, गोविंद साहू, ओमप्रकाश रात्रे, गोपचंद बनर्जी, दिनेश साहू, तुलु साहू, डूमेश्वर प्रजापति, नवीन गुप्ता, मेघनाथ कुर्रे, शंकर साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

**राजिम में सड़कों का बिछेगा जाल**

# श्यामनगर-देवरी मार्ग के लिए 13.39 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और सड़कों का जाल बिछाने की दिशा में विधायक रोहित साहू के विकासपरक नीतियों से एक और बड़ी सफलता मिली है। विधायक के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप अब श्यामनगर से देवरी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 13 करोड़ 39 लाख 18 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग के चौड़ीकरण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता होगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की सड़कों के लिए इतनी बड़ी स्वीकृति कराई हो। इससे पूर्व भी उनके सक्रिय प्रयासों से छुरा-राजिम मार्ग, कोपरा-पोखरा मार्ग, राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग और कुरूद से तरीघाट मार्ग जैसे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। क्षेत्र की जनता विधायक के इन कार्यों को विकास की नई इबारत के रूप में देख रही है।

### राजिम को एक आदर्श और विकसित विधानसभा बनाएंगे

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का विशेष आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के सहयोग से राजिम विधानसभा क्षेत्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए शासन द्वारा राजिम विधानसभा क्षेत्र के श्यामनगर से देवरी मार्ग के चौड़ीकरण हेतु 13 करोड़ 39 लाख 18 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मेरा लक्ष्य शुरू से ही रहा है कि हमारे क्षेत्र का एक-एक गांव मुख्य मार्ग से सुगमता के साथ जुड़े। पूर्व में भी हमने छुरा-राजिम, कोपरा-पोखरा, कुरूद- तरीघाट और राजिम-महासमुंद जैसे महत्वपूर्ण मार्गों के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत कराई है। यह क्षेत्रवासियों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में मेरा अटूट संकल्प है। जब सड़कें चौड़ी होती हैं तो विकास के द्वार भी खुलते हैं। मैं इस बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने हमारे क्षेत्र की जरूरतों को प्राथमिकता दी। कहा कि विश्वास दिलाता हूँ विकास का यह पहिया रुकने वाला नहीं है। हम सब मिलकर राजिम को एक आदर्श और विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे।

## सिल्वर जोन ओलम्पियाड परीक्षा में डीएवी के छात्रों का दबदबा



**मैनपुर।** सिल्वर जोन ओलम्पियाड (गणित विषय)-2025 में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा (मैनपुर) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने 3 स्वर्ण, 4 रजत तथा 1 कांस्य पदक हासिल किए। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दिव्यांश कन्नौजे (कक्षा पहली), समीक्षा ध्रुवा (कक्षा दूसरी), लोकस्था साहू (कक्षा चौथी), शामिल हैं। इसके अलावा उर्वी वर्मा (कक्षा पहली), अयांश गौर (कक्षा पहली), अनिकेत बंजारे ( कक्षा दूसरी), अल्फैज मेमन (कक्षा चौथी) ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि अनिरुद्ध ध्रुव (कक्षा पहली) ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के संस्था प्रमुख श्री अजय नागेश ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। संस्था प्रमुख ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि अनेक क्षेत्रों में जैसे खेलकूद, वैज्ञानिक गतिविधियों, नवाचार के क्षेत्र में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं खेल व अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, जिससे विद्यालय की पहचान और भी मजबूत हुई है। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



## कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के ग्राम तेतलखूंटी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोलहपहर राम नाम यज्ञ का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की शुरूवात उड़ीसा के घंट बाध्य के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाल कर की गई।

जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे । कलश यात्रा पूजा स्थल से निकल कर माता देवालय होते हुए तालाब पहुंची जहां विधि विधान से मंत्रोचार कर कलश में जल भरा गया उसके पश्चात गांव में स्थित शिव मंदिर होते हुए गांव के मुख्य गली से पूजा स्थल पहुंची जहां फीता काट कर यज्ञ वेदी पर कलश प्रवेश किया गया। गांव के चारों ओर राम नाम की जयकारों से गूंज उठा। आपको इस महा यज्ञ में शनि महामंत्र का जाप किया जाएगा आज 26 मार्च दिन गुरवार को सुबह 7: 30 बजे राम नाम महा मंत्र का जाप प्रारंभ किया गया एवं तीन दिनों तक महा मंत्र जाप होगा। इस कार्यक्रम में तेतलखूंटी धारनीबहाल का मुख्य योगदान है।



### बिलाल अहमद रिजवी बने मुस्लिम समाज के मुतवल्ली

**नवापारा-राजिम।** भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज ने नवापारा मुस्लिम समाज के मुतवल्ली बनने पर बिलाल अहमद रिजवी को शुभकामना दी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के वरिष्ठजन मौजूद थे।

## विधि-विधान से हुआ हवन-पूजन



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर हवन पूजन संपन्न हुआ पैरी उद्गम मंदिर भाठीगढ में दूर-दूर से भक्त पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए पूर्णाहुति डाली और माता के दर्शन किए। मैनपुर दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। महाष्टमी पर हवन पूजन का कार्यक्रम करीब चार घंटे तक चला।पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि को माता का हवन पूजन किया गया है। मंदिर में यह परंपरा चली आ रही है कि नवमी तिथि लगने पर पूर्णाहुति होती है। इसी परंपरा का पालन करते हुए हवन पूजन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। मंदिर में सैकड़ो मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए गए थे। जिन भक्तों ने ये ज्योत प्रज्वलित करवाए थे, उन सभी ने हवन में पूर्णाहुति डालकर अपनी आस्था व्यक्त की। दुर्गा मंदिर में दूर-दूर से भक्त आते हैं और सुख-समृद्धि की कामना लेकर हवन पूजन में शामिल होकर पूर्णाहुति डालते हैं।

## राजिम चौबेबांधा से लक्ष्मण झूला तक 4 लेन, भूमिपूजन से नगरवासियों में उत्साह



**राजिम।** नवीन मेला स्थल राजिम चौबेबांधा से लक्ष्मण झूला राजिम तक प्रस्तावित 4 लेन मार्ग निर्माण कार्य के भूमिपूजन होने से शहर में उत्साह का माहोल है। राजिम में इतने बड़े परियोजना स्वीकृत कराए जाने के लिए विधायक रोहित साहू को साधुवाद देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव ,सभापति आकाश सिंह राजपूत, नगर पालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, मंशाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू, पार्षद तुषार कदम, जुगु ठाकुर, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा निराला, पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू ,सोमनाथ पटेल सहित गणमान्य नागरिको ने आभार व्यक्त किया है। शहर के इन जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 4 लेन मार्ग के निर्माण से राजिम क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आवागमन की सुविधा और अधिक सुगम होगी। यह मार्ग क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी राहत और राजिम के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रांवड़ साहू समाज भवन के लिए 10 लाख स्वीकृत



**राजिम।** विधायक रोहित साहू ने रांवड़ ग्रामीण साहू समाज भवन निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति प्रदान किया है। साहू समाज के लोगों ने विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालो में समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ,उपाध्यक्ष कपिल साहू ,सचिव दीपक साहू ,संगठन सचिव दौलत साहू ,सह सचिव होमनारायण साहू ,महिला उपाध्यक्ष लेखनी साहू ,महिला संगठन सचिव तामेश्वरी साहू ,कोषाध्यक्ष जगत साहू ,युवा प्रकोष्ठ निर्मला साहू ,युवा प्रकोष्ठ राकेश साहू ,संरक्षक कामदेव साहू ,द्वारिका साहू ,नान्हू साहू ,नंदू साहू ,संतराम साहू ,शोभराय साहू शामिल है।

### देवगांव में उमड़ रहे श्रद्धालु



**छुईहा बेलर।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम देवगांव की भक्त की शक्तिमाता सेवापरंपरा इस बार विशेष उत्साह के साथ उभरी। स्थानीय निवासी डॉ. राजेन्द्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत चरभट्ठी द्वारा काली माता की अराधना साधना पर दोनों नवरात्रों (चैत्रआश्विन) में विशेष पूजाविधान होता आ रहा है। इस वर्ष श्रद्धालुओं ने मनोकामनाज्योति प्रज्ज्वलित कर माँ से आशीष माँगा। पूजापथ में रोज़ शामसुबह जस गीत सेवा समिति की प्रस्तुतियाँ सुनाई देती हैं, सिर्फ गांव ही नहीं, आसपास के गाँवों की मंडलियाँ भी यहां भजनगायन में भाग ले रही हैं। प्रांगण में क्षेत्रभर से पहुँचे भक्तों की कतार, सामूहिक आरती और अखण्ड जोत नवरात्र को शक्तिभाव से भर रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि माता की कृपा और ग्रामीण एकता का यह संगम ही पर्व की सच्ची सार्थकता बनती है।

### आर्थिक चुनौतियों और गैस आपूर्ति पर सरकार जवाब देंह बने : युवराज

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर युवा नेता जिला उपाध्यक्ष युका व व्यापारी संघ के अध्यक्ष युवराज सिंन्हा ने कहा कि



देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं गैस आपूर्ति व्यवस्था पर सरकार को जमीनी वास्तविकताओं को स्वीकार कर त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए। हाल के समय में भारतीय रूपयों में आई गिरावट और बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों की चिंता बढ़ाई है। ऐसे में आवश्यक है कि केंद्र सरकार ठोस आर्थिक रणनीति अपनाएं जिससे बाजार में स्थिरता आए और आम जनता को राहत मिल सके। गैस आपूर्ति के मुद्दे पर उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रें से लंबी कर और आपूर्ति बाधित होने की खबरें सामने आ रही है उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस विषय पर प्रदर्शित रखते हुए प्रभावी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए रोजगार सृजन छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन तथा निवेश के अनुकूल वातावरण बनाना अत्यंत आवश्यक है। 45 दिनों मे सिलेंडर मिलने जो समय दिया गया है वह कम है। बडे. परिवारों मे 15 दिनों मे ही गैस सिलेंडर खत्म हो जाता है ऐसा परिवार कैसे करेंगे?

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**महासमुंद।** रामनवमी पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साधकों द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गायत्री मंत्र की आहुतियां अर्पित कर अनुष्ठान का समापन किया गया। यज्ञ का संचालन महिला मंडल की पूर्णिमा साहू एवं कनेश्वरी सहित उनकी टीम द्वारा कराया गया। यह यज्ञ कार्यक्रम चार पालियों में आयोजित हुआ।

---

**पर्व : हवन-पूजन से गूंजा शहर, कन्या पूजन और भक्ति कार्यक्रमों से नवरात्रि का उल्लास चरम पर**

# जिले में महाअष्टमी पर आस्था का सैलाब, मंदिरों में उमड़ी भीड़, मां महागौरी की पूजा में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन महाअष्टमी के पावन अवसर पर पूरे शहर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। मां महागौरी की पूजा-अर्चना के साथ मंदिरों में सुबह से ही हवन, पूजन और आरती का सिलसिला जारी रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे, जिससे हर मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मेन रोड स्थित शिव दुर्गा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। महाअष्टमी के अवसर पर विशेष हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पूर्णाहुति दी। वहीं शहर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में भी समितियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और देर शाम तक धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। नवरात्रि के दौरान गरियाबंद में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। महाअष्टमी का विशेष महत्व होने के कारण नौ दिनों तक व्रत रखने वाले श्रद्धालु इस दिन हवन में शामिल होकर अपने व्रत की पूर्णता मानते हैं। इसी कड़ी में शहर और आसपास के क्षेत्रों में कन्या पूजन का भी आयोजन किया गया, जहां नौ कन्याओं को मां का रूप मानकर पूजन कर भोजन कराया गया। घर-घर में श्रद्धा के साथ यह परंपरा निभाई गई और माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आशीष तिवारी महाअष्टमी के अवसर पर गरियाबंद में उमड़ी आस्था यह दर्शाती है कि नवरात्रि सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। मां महागौरी की आराधना के साथ लोगों में सकारात्मक ऊर्जा और विश्वास का संचार हो रहा है, जो समाज को एकजुट करने का भी काम करता है।

## शीतला माता मंदिर में हुआ नौ कन्या पूजन और हवन-अनुष्ठान



**छुईहा बेलर ।** चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य पर ग्राम बिजली की आस्था की इष्टदेवी शीतला माता के प्रांगण में नौदिवसीय पूजाअनुष्ठान ग्रामवासियों के तत्वावधान में चल रहा है। प्रतिदिन पुरोहित, बैगा और पंडायजमान की देखरेख में सुबहशाम आरती होती है; श्रद्धालु विधानपूर्वक स्थापित मनोकामना ज्योतिकलश का दर्शन कर मनौती मांग रहे हैं।

गुरुवार को शीतला माता मंदिर में महाष्टमी पर हवन पूजन एंव नौ कन्या भोग प्रसादी पूजा सामुहिक रखा गया। गांव के वरिष्ठ बताते हैं कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है, पर इस बार महिला युवतीयां और युवाओं की भागीदारी असाधारण रही प्रतिदिन उस आसपास की सफाई कर सुन्दर सजाई जाती है। ग्राम समीति भोगव्यवस्था से लेकर स्वच्छतापहरेदारी तक सबमें सहयोग निहित है। आयोजन से न सिर्फ आस्था गहरी हुई, बल्कि अंचल में सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकता का संदेश भी फैला है ।सभापति नंदू यादव ग्राम अध्यक्ष शत्रुघन साहू, पुरोहित सुरेश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद,ग्राम बैगा रोशन निषाद,पंड़ा देवचरण,खेलावन निषाद,कुभंकरण साहू,वेदराम ढीढी,खेमू पटेल, अमरचंद ढीढी, प्रहलाद पटेल, लल्ली बैजन्ती निषाद, केशमी निषाद, देवनाथ यादव, भूमिका निषाद, हर्ष साहू, मिनाक्षी सिन्हा, डोमन साहू, नौ कन्या पूजन निधि, पूर्वी, अदिति, अंकिता, मानसी, रितिका पटेल, गितांजली, रितिका, देव कुमार, अनिस इत्यादि उपस्थित थे।

## जंवारा विसर्जन व विशाल भंडारे के साथ माता रानी की विदाई



**छुरा।** चैत्र माह में पावन बसंती चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ग्राम डांगनबाय में श्रद्धा और भक्ति के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा परंपरागत रूप से जवारा बोकर देवी आराधना की गई, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी एवं नवमी के पावन अवसर पर हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नौ कन्या भोज का आयोजन भी किया गया, जहां कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन कर प्रसाद ग्रहण कराया गया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन कर ग्रामवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में ग्राम के सेवाभावी लोग बढ़-चढ़कर सहयोग करते नजर आए। ग्राम सेवा एवं भजन-कीर्तन में लगे श्रद्धालुओं ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। आयोजन के सफल संचालन में ग्राम के वरिष्ठजनों एवं युवाओं का विशेष योगदान रहा।



## 21 कन्याओं को लगा 56 भोग, 500 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के शीतला माता मंदिर में अष्टमी का हवन डालने बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त शामिल हुए। पंडित भूपेन्द्र दुबे के मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। हवन पश्चात 21 कन्याओं को 56 भोग कराया गया। यहां 500 लोगों को भोजन भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, कामता साहू, प्रीतराम देवांगन, सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, विनीता साहू, माणसमणी देवांगन, कोमल सिन्हा, ,चुनू साहू, डोशन सिन्हा ,राधे पटेल, रोहित पटेल, दिलीप साहू,सोहन साहू शत्रुघ्न सिन्हा, शिव साहू,,निलेश साहू बैगा संतराम साहू,पंडा सुनील साहू,सहित ग्रामीण विकास समिति, व पंच तथा समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

## महाअष्टमी पर शक्ति की उपासना...



**नवापारा-राजिम।** दुर्गा महाअष्टमी के अवसर पर माता शीतला, माता मौली के दरबार में हवन पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष परदेशी राम साहू, गुलाब राव सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई।

## मां ब्रम्हचारिणी दरबार में अष्टमी पर हवन -पूजन



**राजिम।** माँ ब्रम्हचारिणी दरबार में अष्टमी हवन पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर समिति के भगत भरतलाल साहू ने बताया कि जगत जननी माँ ब्रम्हचारिणी की असीम कृपा से चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में माँ ब्रम्हचारिणी माता के दरबार में पंडित अर्जुन प्रसाद तिवारी एवं पंडित देवेंद्र दुबे के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक अष्टमी हवन पूजन संपन्न हुआ ।नवरात्रि का अत्यंत महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जो मां दुर्गा को प्रसन्न करने और नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट कर सुख-समृद्धि लाने के लिए किया जाता है। यह 9 दिनों की साधना की पूणार्हुति का प्रतीक है, जिसमें मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां देकर माता रानी को भोग लगाया जाता है और आशीर्वाद मांगा जाता है। माँ ब्रम्हचारिणी के दर्शन के लिए क्षेत्र के साथ ही दूर दूर से भक्त आस्था और विश्वास के साथ दर्शन के लिये आते हैं मानते है की इस दरबार में माता ब्रह्मचारिणी की आराधना से भक्तों के कार्य सिद्ध होते है, मनोकामना पूर्ण होती है। नवरात्र के सभी दिनों में माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अष्टमी तिथि को हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के ताज राम साहू ,फगेंद्र यदु ,मेहतरु साहू ,तेजेश साहू ,भागीराम साहू ,यशवंत साहू ,ईश्वर सिन्हा ,दिनेश्वर साहू ,विजेंन्द्र वर्मा ,तुलसी साहू ,जनक साहू ,गणेश पटेल ,शिवराज साहू आदि शामिल हुए।

## मां काली के दरबार में हवन-पूजन में शामिल होने उमड़े भक्त



**नवापारा-राजिम।** शहर के मां काली मंदिर में अष्टमी का हवन डालने देवी मां के भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। हवन-पूजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, चतुर जगत, डॉ. तेजेंद्र साहू सहित अनेक देवी मां के भक्त ारिवार के साथ मौजूद थे। हवन के बाद माता की महा-आरती में बड़ी संख्या में देवी मां के उासक शामिल हुए। मंदिर के आसपास श्रद्धालुजनों की भारी भीड़ नजर आई। मंदिर के चारों तरफ बिजली के झालरों से रोशनी की गई थी जो काफी आकर्षक नजर आ रहा था।काली मंदिर के अलावा शहर के सभी देवी मंदिरों और शक्ति पीठों में हवन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। हवन में आहुति डालने जना्रतिनिधियों से लेकर महिलाएं, युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुए। यज्ञ कुंड में डाले जा रहे आहुति की भीनी-भीनी खुशबू मंदिर ारिसर से लेकर शहर के सड़कों और खुले आसमान की ओर फैलता रहा। बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ देवी भक्तों ने माता जी का व्रत-उपवास रखकर हवन में शामिल हुए। इस अवसर पर मां काली मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार मंदिर समिति और पंडितों ने किया था। हवन के समय काली मंदिर सहित समूचे शहर में स्वाहा की गूंज हो रही थी। माता के भक्त श्रृंगार का सामान और चुनरी लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देहुति-प्रतिराम साहू, मेघनाथ साहू शामिल रहे।

## राम मनवमी आस्था मर्यादा और एकता का उत्सव : पं. त्रिभुवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

चैत्र शुक्ल नवमी के पावन अवसर पर आज पूरे बेलर, बारूला, देवगांव सहित आसपास के अंचल में रामनवमी का उल्लास चरम पर है। इस उपलक्ष्य में गांव-गांव में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सुबह से ही प्रभात फेरियों के माध्यम से जनजागरण का सिलसिला शुरू हो गया, जिसमें संघ परिवार के केशराम सेन, ओमप्रकाश यादव और विष्णु साहू,भागवत साहू,सेवक साहू (बेलर) सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

संघ परिवार द्वारा मंदिरों, घरों और प्रमुख चौक-चौराहों पर भगवा ध्वज फहराए जाएंगे। कई गांवों में रामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन और बाल-राम की आकर्षक झांकियों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और अधिक प्रगाढ़ हो गया है। रामनवमी की पूर्व संध्या पर बारूला निवासी भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा ने बेलर में अपने उद्बोधन में कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि मर्यादा, करुणा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श आज भी समाज को सद्भाव और अनुशासन की दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और समरसता की प्रेरणा मिलती है, जो वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रासंगिक है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त और समरस समाज की स्थापना संभव है। वहीं अंचल में नौ दिन तक सार्वजनिक स्थल,निज निवास, सामुहिक आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बीच लोगों में उत्साह और श्रद्धा का संगम देखने को मिल रहा है, जिससे यह पर्व सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।



## भक्त माता कर्मा रथ का शुभारंभ



**नवापारा-राजिम।** गुरूवार को परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा रथ का शुभारंभ ग्राम चिपरीडीह से हुआ जो गांव-गांव पहुंचा। स्वजातीय बंधुओं ने परिक्षेत्र पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया और कर्मा रथ में विराजमान भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर अपने परिवार व समाज के सुख समृद्धि के लिए कामना किया। परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के संगठन सचिव शिवकुमार साहू शिक्षक ने बताया कि कर्मा रथ परिक्षेत्र के अंतर्गत समस्त गांव में लगातार 3 दिन तक भ्रमण करेंगे। समापन 29 मार्च को बजरंगपुर में होगा जहां पर कर्मा जयंती , भूमि पूजन और हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पारसमणी साहू अध्यक्ष, हेमंत साहू उपाध्यक्ष, भूमिका साहू उपाध्यक्ष, शिव साहू संगठन सचिव, भोज देवी साहू संगठन सचिव, भानसिंग साहू कोषाध्यक्ष, किशन साहू अंकेक्षक, उमेश साहू संरक्षक, सूरज मास्टर, क्षमता साहू, यशोदा साहू, वेद साहू, राधे साहू, डीहु राम, जागेश्वर साहू, चुम्मन साहू, द्विज साहू, तामेश्वर साहू, ओमनारायण साहू, भीखम साहू, कुमारू साहू, चेतन साहू, किशन साहू, प्रमिला ,केशव साहू, रामनारायण का योगदान रहा।

**अष्टमी पर विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन**

# देवी भागवत कथा का हवन के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर शीतला समिति द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति की सरिता प्रवाहित होती रही। कथा व्यास किशोरी आराध्या शर्मा ने अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली में माँ भगवती की महिमा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को आध्यात्मिक ज्ञान से अभिभूत कर दिया। उन्होंने देवी के विभिन्न स्वरूपों और उनके महत्व को विस्तार से समझाया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

नवरात्रि के पावन दिनों में प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते रहे। अष्टमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने आहुति देकर अपने परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के साथ ही विधिवत रूप से कथा का समापन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे धार्मिक आयोजनों को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

पूरे आयोजन के दौरान छुरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने इसे एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया। इस दौरान शीतला समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह,राजा यशपेंद्र शाह , कोषाध्यक्ष ललित मेहता, सचिव बजरंग पाण्डेय, संत निर्मलकर,मितेश दीक्षित, चिंता राम यादव,कोमल सोनी, सुभाष बैगा,कुलेश्वर ठाकुर,धनेश साहू,कुमार ध्रुव, बजारू निषाद, माधो निर्मलकर, विजय कंवर, दुखुराम, उत्तम साहू,उत्तम निर्मलकर,गणेश राम,गणेशू साहू,जोगी राम, पुरुषोत्तम ठाकुर,लक्ष्मण यादव, देवा पटेल,घनश्याम ध्रुव,संतराम यादव, कंगालू राम सिन्हा,राजा,मिथलेश सिन्हा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा,विनोद देवांगन, कुलेश्वरी देवांगन,कमला यादव,किरण शर्मा,रुद्रांशी,पूर्वांश ,शीतल ध्रुव,एवं शिवशक्ति महिला मंडली,आदर्श महिला मंडली,शिक्षक मानस परिवार,ग्राम समिति के सदस्य गण, व्यापारी गण,नगर वासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411